भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2415

उत्तर देने की तारीख 13.03.2025

ट्राईफेड और टी ट्रंक के बीच समझौता ज्ञापन

2415. डॉ. विनोद कुमार बिंद:

श्री राधेश्याम राठिया:

श्री प्रताप चंद्र षडङगी:

श्री नव चरण माझी:

श्री गोडम नागेश:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जनजातीय उत्पादों के बाजार विस्तार में ट्राईफेड-टी ट्रंक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का विशेष रूप से क्या योगदान है;

(ख) जनजातीय कारीगरों के लिए समझौता ज्ञापन से होने वाले प्रत्याशित आर्थिक लाभों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ट्राइफेड और टी ट्रंक जनजातीय उत्पादों की पहुंच को अधिकतम करने के लिए डिजिटल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों की तलाश करते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (घ) जनजातीय कारीगरों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और जनजातीय उत्पादों को टी ट्रंक के खुदरा और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में एकीकृत करके आय में सुधार करने के उद्देश्य से ट्राइफेड और टी ट्रंक के बीच 17.02.2025 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। सहयोग का उद्देश्य ब्रांडिंग, पैकेजिंग और गुणवत्ता मानकों में सुधार करते हुए, प्रीमियम बाजारों में जनजातीय उत्पादों की दृश्यता बढ़ाना, व्यापक ग्राहक आधार को आकर्षित करना है। साझेदारी आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी सुव्यवस्थित कर सकती है, जिससे लागत कम हो सकती है और कारीगरों के लिए आर्थिक लाभ अधिकतम हो सकता है।

*****